an>

Title: Need to send a medical team to ascertain causes of increasing number of cancer patients in Muzaffarpur parliamentary constituency, Bihar.

श्री अजय निषाद (मुज़फ़्फ़रपुर)ः मैं अपने संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर के कटरा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेरई दक्षिणी में पिछले पांच-छः वर्षों से असाध्य एवं जानलेवा कैंसर रोग के व्यापक रूप से फैलने एवं उससे लोगों को हो रही असामयिक मृत्यु की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर रहा हूँ।

पिछले पांच-छः वर्षों में बहुत लोगों की इस जानलेवा रोग के कारण मौत हो चुकी है साथ ही दर्जनों लोग इसकी चपेट में जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। जिनकी मृत्यु हो गयी है उनका परिवार उसका दंश झेल रहा है। ये परिवार अभी तक किसी प्रकार के मुआवजे से वंचित है और इन पीड़ित परिवारों की सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। साथ ही जो इस असाध्य एवं जानलेवा रोग से ग्रसित है वे गरीबी के कारण बेहतर चिकित्सा सुविधा से महरूम है। रोगों के फैलने के कारणों का पता लगाने में भी स्थानीय प्रशासन को अभी तक सफलता नहीं मिली है।

मैं सरकार से मांग करना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर के उक्त पंचायत में रोग के व्यापक रूप से फैलने के कारणों की उच्च स्तरीय जांच हेतु केन्द्रीय विशेषज्ञों की एक मेडिकल टीम भेजी जाए साथ ही इस रोग से मरने वालों के परिवारों के लिए मुआवजे की व्यवस्था की जाए साथ ही बेहतर ईलाज से वंचित रोगियों को स्तरीय चिकित्सा नःशुल्क कराने की व्यवस्था भी की जाए।